तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 14 मार्च 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 कवर्धा बिजली विभाग के कर्मचारी पर लाखों के गबन का आरोप




12 बाजार में पहुंचे मटके : गर्मी बढ़ते ही बाजार में मटकों ...



## खबर संक्षेप

### राइस मिल में लगी आग 5 घंटे के बाद पाया काबू

**भिलाई।** उतई क्षेत्र में स्थित राम जानकी राइस मिल में अचानक आग लग गई। पांच घंटे की मशक्कत के बाद करीब 20 गाड़ी पानी की मदद से आग पर काबू पाया गया। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि राइस मिल में आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन टीमें मौके के लिए रवाना की गईं। जब अग्निशमन दल घटनास्थल पर पहुंचा तो आग तेजी से फैलकर राइस मिल में रखे बारदानों तक पहुंच चुकी थी। आग की लपटें काफी तेज थीं, जिससे स्थिति को नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण हो गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए करीब 5 घंटे तक लगातार आग बुझाने का अभियान चलाया। लगभग 20 दमकल गाड़ियों के पानी की मदद से आखिरकार आग पर काबू पाया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### व्यापारी पर धारदार हथियार से हमला, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** उधारी के पैसे मांगने पर व्यापारी पर धारदार हथियार से हमला करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से धारदार हथियार और एक बाइक जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा धारा 109, 333, 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। मामला रानीतराई थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार विगत 11 मार्च को ग्राम रानीतराई में स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान के संचालक अनिल कुमार देवांगन के साथ उधारी के पैसे मांगने को लेकर विवाद हुआ।

**परेशानी**

**प्रशासन का दावा–पर्याप्त स्टॉक, उपभोक्ता परेशान, बुकिंग नहीं होने से एजेंसियों में कतारें**

# ऑनलाइन सिस्टम ठप, ब्लैक में बिकने लगे गैस सिलेंडर





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा**

जिले में घरेलू एलपीजी गैस को लेकर इन दिनों अजीब और चिंताजनक स्थिति बन गई है। एक ओर जिला प्रशासन दावा कर रहा है कि जिले में गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, वहीं दूसरी ओर तकनीकी खामी के कारण ऑनलाइन बुकिंग सिस्टम पिछले तीन दिनों से ठप पड़ा हुआ है।

इसके चलते हजारों उपभोक्ता गैस सिलेंडर बुक ही नहीं कर पा रहे हैं और गैस एजेंसियों के बाहर भीड़ लगने लगी हैं ओर ऑनलाइन बुकिंग ठप होने से उपभोक्ताओं में पैनिक का माहौल बन गया है। स्थिति का फायदा उठाते हुए कुछ जमाखोरों ने इसे अवसर में बदल दिया है और गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार कई जगहों पर घरेलू गैस सिलेंडर ब्लैक में ऊंचे दामों पर बेचे जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। जिले में घरेलू एलपीजी कनेक्शनों की संख्या लगभग पौने दो लाख के आसपास बताई जा रही है। इतने बड़े उपभोक्ता वर्ग के सामने बुकिंग सिस्टम बंद होने से रोजमर्रा के कामकाज पर असर पड़ रहा है।

कई परिवार ऐसे हैं जिनके घरों में गैस खत्म हो चुकी है, लेकिन ऑनलाइन सिस्टम बंद होने के कारण वे नया सिलेंडर बुक नहीं कर पा रहे हैं। स्थिति यह है कि गैस एजेंसियों के चक्कर लगाने के बावजूद उपभोक्ताओं को स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्होंने फरवरी माह में ही ऑनलाइन बुकिंग कर दी थी, लेकिन आज तक सिलेंडर की सप्लाई नहीं हुई है। कई बार एजेंसी पहुंचकर जानकारी लेने के बावजूद उन्हें संतोषजनक ▶▶ शेष पेज 11 पर

### घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर कार्रवाई

वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और संभावित आपूर्ति दबाव को देखते हुए खाद्य विभाग ने घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए कार्रवाई तेज कर दी है। गुरुवार और शुक्रवार को जिले के विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जांच के दौरान जिन होटलों और दुकानों में घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग पाया गया, वहां से सिलेंडर जब्त भी किए गए।

### खाद्य विभाग के पास नहीं गैस सिलेंडरों का पूरा रिकॉर्ड

हैरानी की बात यह भी है कि जिले में कितने घरेलू और कितने व्यावसायिक गैस सिलेंडर उपयोग में हैं, इसका सटीक रिकॉर्ड खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के पास उपलब्ध नहीं है। विभाग के एक अधिकारी के अनुसार इंडेन, भारत गैस और एचपी कंपनी के नोडल अधिकारियों के साथ समय-समय पर बैठक जरूर होती है, लेकिन जिले में उपयोग हो रहे सिलेंडरों का विस्तृत आंकड़ा विभाग के पास उपलब्ध नहीं है।

### एजेंसियों के बाहर भीड़, टोल फ्री नंबर भी बेअसर

ऑनलाइन सिस्टम ठप होने के कारण लोग सीधे गैस एजेंसियों का रुख कर रहे हैं। इसके चलते शहर की अधिकांश एजेंसियों के बाहर सुबह से ही लंबी कतारें लग रही हैं। वहीं जिला प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री नंबर भी उपभोक्ताओं के लिए बेअसर साबित हो रहा है। कई लोगों का कहना है कि उस नंबर पर कॉल करने पर फोन अपने आप कट जाता है और किसी प्रकार की सहायता नहीं मिलती। गैस एजेंसियों में बढ़ती भीड़ के पीछे एक और वजह सामने आई है। एजेंसी से जुड़े कर्मचारियों के मुताबिक पहले उपभोक्ताओं को लगभग 15 दिनों के अंतराल में सिलेंडर मिल जाता था, लेकिन अब नियम में बदलाव कर दिया गया है। नए नियम के अनुसार एक सिलेंडर लेने के बाद दूसरा सिलेंडर बुक करने के लिए करीब 25 दिन का इंतजार करना होगा। इस बदलाव की जानकारी अधिकांश उपभोक्ताओं को नहीं है, जिसके कारण लोग समय से पहले ही गैस एजेंसियों में पहुंच रहे हैं और अनावश्यक भीड़ बढ़ रही है।

### होटल-रेस्टोरेंट उद्योग पर संकट, 50 से अधिक प्रतिष्ठानों के बंद होने का खतरा

गैस आपूर्ति की समस्या का असर होटल और रेस्टोरेंट उद्योग पर भी पड़ने लगा है। कमर्शियल गैस सिलेंडर की अनुपलब्धता के कारण कई होटलों और रेस्टोरेंट्स का कामकाज प्रभावित हो गया है। शहर के होटल व्यवसायियों का कहना है कि यदि जल्द स्थिति सामान्य नहीं हुई तो लगभग 50 से अधिक होटल और रेस्टोरेंट बंद होने की कगार पर पहुंच सकते हैं। व्यवसायियों के अनुसार इस समय शादी-ब्याह का सीजन चल रहा है और यदि गैस की आपूर्ति नहीं हुई तो शादियों के आयोजन भी प्रभावित हो सकते हैं। कई रसोइयों और कर्मचारियों के सामने बेरोजगारी का संकट खड़ा हो जाएगा। होटल संचालकों का कहना है कि सुरक्षा कारणों से होटल और रेस्टोरेंट्स को अधिक मात्रा में गैस स्टॉक रखने की अनुमति नहीं होती, इसलिए वे रोजाना की जरूरत के हिसाब से ही गैस लेते हैं। लेकिन अचानक सप्लाई बंद होने से उनके पास एक-दो दिन का भी स्टॉक नहीं बचा है।

# गैस सिलेंडर रिफलिंग के लिए तीन माह में नहीं मिल रहा ओटीपी

**थान खम्हरिया।** इन दिनों खादी देश में चल रहे युद्ध के चलते देश में ईंधन को लेकर हाहाकार मची हुई है। इसी बीच एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों बढ़ोत्तरी कर दी, मगर रिफलिंग के लिए निर्धारित समय के बाद भी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है। आनलाइन बुकिंग करते समय बुकिंग लिमिट रिचर्ड लिखा मिलता है, जिससे उपभोक्ता काफी परेशान है। 21 दिन के मियाद खत्म होने के बाद भी बेबसाईड में 25 दिन बाद रिफलिंग होने की बात कही जा रही है।नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्र. 14 निवासी मेहजबीन नाज की रिफलिंग समय आने के बाद भी ओटीपी नही मिल रहा है। इसी तरह नगर व ग्रामीण क्षेत्र के सैकडो अपभोक्ता को रिफलिंग नही मिल पा रही है। इसके विपरीत नगर के चौपाटी मे लगने वाली समोसे,मोमोस,चाउमीन,चाःट व अन्य खाद्य सामाग्री विक्रेताओं को ब्लैक मे आसानी से सिलेंडर मिल रहा है। बेखौफ घरेलू सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग भी धडल्ले से हो रही है। नगर एकमात्र गैस एजेंसी में लगभग 13 हजार गैस उपभोक्ता कार्ड है, जिसमे प्रतिमिह 6 हजार के करीब रिफलिंग की जाती है ईधर अफवाहो का बाजार भी गर्म है। लोग ईंधन की कमी होने की आशंका के चलते पेट्रोल व डीजल के स्टाक करना भी शुरू कर दिये है। खासकर किसान वर्ग कास्तकारी में बाधा ना आने की भय से ईंधन का भण्डारण करते दिख रहे है। रिफलिंग नियमो मे बदलाव के बाद भी उपभोक्ताओं को समय मे गैस सिलेंडर नही मिलने से लोगों नाराजगी देखी गयी है।



- एलपीजी कंपनी के साईड में मिल रही गड़बड़ी, रिफलिंग समय आने के बावजूद नहीं हो पा रही आनलाइन बुकिंग

### नगर भे घरेलू गैस सिलेंडर का खुलेआम व्यवसायिक उपयोग

थान खम्हरिया खम्हरिया नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित अधिकांश हॉटलो, खोमचों व शादी पार्टी में बेधड़क घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग हो रहा है, जबकि चौपाटी में समोसा, चॉट, मोमोस, चाउमीन तथा भेल जैसे खाद्य पदार्थों की विक्रेता खुले तौर पर घरेलू सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग कर रहे हैं। यहां 19 किलो व्यवसायिक सिलेंडर भी उपलब्ध है, परंतु महंगे दामों के चलते व्यापारी घरेलू गैस सिलेंडर का अधिकतर उपयोग करने से भी संकट गहराने लगा है। वहीं गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी भी बेधड़क चल रही है।



## खबर संक्षेप

### भाजपा के सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बनाए गए विवेक



**नांदघाट।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन के सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ में विवेक शुक्ला को जिला संयोजक का दायित्व दिया गया है। प्रदेश महामंत्री नवीन मारकंडेय ने आरटीआई प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारणी की सूची जारी की है। विवेक शुक्ला पूर्व में भाजपा की बूथ स्तरीय कमेटी से लेकर मारो मंडल में मीडिया प्रभारी सोशल मीडिया प्रभारी ' चुनाव संचालन समिति के अलावा अनेक सामाजिक राजनैतिक दायित्व में रह चुके हैं। गौ सेवा आयोग की जिला स्तरीय समिति में सदस्य गौ विज्ञान परिक्षा के जिला प्रमुख की भूमिका में भी हैं। इसके अतिरिक्त भाजपा की राजनीति में एक दशक से भी अधिक समय से सक्रिय हैं । पार्टी संगठन के कार्यक्रमों में सक्रियता से भाग ले रहे हैं। श्री शुक्ला ने भी दायित्व हेतु वरिष्ठ नेताओं के लिए कृतज्ञता व्यक्त करते हुए पार्टी संगठन के आदेश निर्देश को जन जन तक पहुंचाने के लिए निष्ठापूर्वक काम करने की बात कही है।

### पेंशनर्स का होली मिलन समारोह आज

**अंबागढ़ चौकी।** पेंशनर्स का जिला स्तरीय सम्मेलन एवं होली मिलन समारोह जिला मुख्यालय मोहला में कल 14 मार्च को रखा गया है। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष पूर्णानंद नेताम एवं अंबागढ चौकी तहसील अध्यक्ष सीआर देवांगन ने बताया कि सम्मेलन में प्रांताध्यक्ष यशवंत देवान मुख्य अतिथि होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक इन्द्रशाह मंडावी, सरपंच गजेन्द्र पुरामे, प्रांतीय उपाध्यक्ष ए कुजुर, नरेन्द्र देशमुख, जिला संरक्षक एचएल शेंडे शामिल होंगे।

### थाना दिवस पर कानून व्यवस्था पर चर्चा

**साल्हेवारा।** स्थानीय थाना परिसर में गुरुवार थाना दिवस का आयोजन गरिमामय माहौल में किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा एवं पुलिस महानिरीक्षक बालाजी राव शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने जनसमुदाय को अपराध, कानून व्यवस्था तथा सुरक्षा से जुड़े विषयों के बारे में विस्तार से बताया। लोगों से अपील की गई कि वह समस्या या शिकायत को पुलिस के सामने रखें ताकि समाधान किया जा सके।

### ट्रक ने पिकअप को मारी टक्कर

**बांधाबाजार।** एक ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क किनारे खड़ी पिकअप का टक्कर मार दिया। जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक G 05 डी 1711 के चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं कर पाया और ट्रक सीधे पिकअप से टकरा गया। इस दुर्घटना में पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है तथा उसमें रखे सामान को भी नुकसान पहुँचा है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुँचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

---

**मौसम**

**परंपरा और सेहत के कारण आज भी मिट्टी के घड़ों का चलन**

# गर्मी में प्यास बुझाने के लिए बाजार में पहुंचे मटके, बढ़ी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में गर्मी की शुरुआत के साथ ही बाजारों में मिट्टी के मटकों की मांग तेजी से बढ़ने लगी है। तापमान में लगातार बढ़ोतरी के बीच लोग ठंडा और स्वास्थ्यवर्धक पानी पीने के लिए एक बार फिर पारंपरिक मिट्टी के घड़ों की ओर रुख कर रहे हैं। शहर के नवीन बाजार सहित जिले के अन्य बाजारों में इन दिनों मिट्टी के मटकों की दुकानें सज गई हैं, जहां ग्राहकों की आवाजाही बढ़ती नजर आ रही है। मटका विक्रेताओं के अनुसार गर्मी बढ़ने के साथ ही लोगों की खरीदारी में तेजी आई है। बाजार में अलग-अलग आकार और डिजाइन के मटके उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत 120 रुपये से लेकर करीब ढाई सौ रुपये तक है। इस वर्ष ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए मटकों में सजावटी डिजाइन भी बनाए गए हैं। पारंपरिक मटकों के साथ-साथ अब ढक्कन वाली मिट्टी की बोतलें भी बाजार में उपलब्ध हो गई हैं, जिन्हें लोग यात्रा के दौरान अपने साथ ले जा सकते हैं।

■ सजावटी मटके और ढक्कन वाली मिट्टी की बोतलें भी आकर्षण का केंद्र



**सेहत के लिए भी फायदेमंद माना जाता है मटके का पानी**

विशेषज्ञों के अनुसार मिट्टी के घड़े का पानी स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। इसमें मौजूद प्राकृतिक तत्व जैसे आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम पानी में घुलकर शरीर को लाभ पहुंचाते हैं। मिट्टी का घड़ा पानी को वाष्पीकरण की प्रक्रिया से प्राकृतिक रूप से ठंडा करता है, जिससे यह गले में खराश या सर्दी-खांसी की समस्या भी नहीं बढ़ाता। यही कारण है कि कई लोग आज भी गर्मी के दिनों में फ्रिज के बजाय मटके का पानी पीना पसंद करते हैं। गर्मी के बढ़ते असर के साथ आने वाले दिनों में मटकों की मांग और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है, जिससे कुम्हारों और मिट्टी के बर्तन बेचने वाले व्यापारियों को भी अच्छी आमदनी की उम्मीद है।

### आधुनिकता के साथ बदले मटकों के स्वरूप

समय के साथ मिट्टी के मटकों में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। अब कई मटकों में नल की सुविधा और बाहरी सतह पर विशेष ग्रिप बनाई जा रही है। विक्रेताओं के मुताबिक यह ग्रिप मटकों की सफाई को आसान बनाती है और फिसलन भी कम करती है। साथ ही मटके से रिसने वाला पानी सतह पर ठहर जाता है, जिससे वाष्पीकरण की प्रक्रिया तेज होती है और पानी अधिक ठंडा रहता है।

### शीतला अष्टमी से बढ़ जाती है मांग

मटका विक्रेताओं का कहना है कि आधुनिक दौर में फ्रिज का उपयोग बढ़ा है, लेकिन इसके बावजूद मिट्टी के मटकों की लोकप्रियता बरकरार है। खासतौर पर शीतला अष्टमी के बाद मटकों की मांग में और तेजी आ जाती है। कई घरों में अक्षय तृतीया के दिन पूजा-अर्चना के बाद नए मटके का पानी पीने की परंपरा भी निभाई जाती है।

## गर्मी में सतर्क रहें, लू से बचें, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी

**बेमेतरा।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों को लू से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर ने कहा है कि गर्मी के मौसम में लापरवाही स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है, इसलिए लोगों को सतर्क रहकर आवश्यक उपाय अपनाने चाहिए। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार तापमान बढ़ने के साथ लू लगने की आशंका भी बढ़ जाती है। लू लगने पर सिर में भारीपन या दर्द, तेज बुखार, मुंह सूखना, चक्कर आना, उल्टी होना, कमजोरी और शरीर में दर्द जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। इसके अलावा शरीर का तापमान बढ़ने के बावजूद पसीना न आना, अत्यधिक प्यास लगना, पेशाब कम होना, भूख न लगना और बेहोशी जैसी स्थिति भी हो सकती है। सीएमएचओ ने बताया कि बहुत आवश्यक न हो तो दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए। यदि धूप में निकलना पड़े तो सिर और कान को कपड़े या टोपी से ढंककर रखें। पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें और लंबे समय तक धूप में रहने से बचें। हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनना बेहतर होता है। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल का सेवन लाभकारी है। चक्कर या उल्टी की स्थिति में छायादार स्थान पर आराम करें और ठंडा पानी, लस्सी, मठा या फलों का रस लें। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केंद्र से निःशुल्क परामर्श लिया जा सकता है। यदि तेज बुखार, उल्टी या सिरदर्द जैसी समस्या हो तो तुरंत नजदीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करना चाहिए। यदि किसी व्यक्ति को लू लग जाए तो उसे तुरंत ठंडी और छायादार जगह पर लिटाना चाहिए। उसके सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखें और शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें। कच्चे आम का पना, जलजीरा या अन्य तरल पदार्थ देना लाभकारी होता है। साथ ही पीड़ित व्यक्ति को जल्द से जल्द नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाना चाहिए। ओआरएस के पैकेट आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन या एएनएम से प्राप्त किए जा सकते हैं। गर्मी के मौसम में पर्याप्त पानी पीना जरूरी है, भले ही प्यास न लगे। हालांकि जिन लोगों को मिर्गी, हृदय, गुर्दे या लीवर संबंधी बीमारी है और जिन्हें तरल पदार्थ सीमित मात्रा में लेने की सलाह दी गई है, वे तरल सेवन बढ़ाने से पहले डॉक्टर से परामर्श लें। ओआरएस, छाछ, लस्सी और नींबू पानी जैसे घरेलू पेय पदार्थ शरीर को हाइड्रेटेड रखने में सहायक होते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दी है कि तेज धूप में नंगे पांव बाहर न निकलें। दोपहर के समय अधिक गर्मी में भोजन पकाने से बचें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेयों का सेवन कम करें, क्योंकि ये शरीर को निर्जलित करते हैं। साथ ही अधिक प्रोटीन युक्त भोजन से भी परहेज करने की सलाह दी गई है।

## नवधा रामायण में शामिल हुए योगेश तिवारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पतोरा एवं सिलघाट में आयोजित नवधा रामायण सम्मेलन एवं मानस गान कार्यक्रम में भाजपा सदस्य योगेश तिवारी शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ भगवान श्रीराम की कथा का श्रवण किया और भजन-कीर्तन में सहभागी बनकर भक्ति भाव से कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान रामायण पाठ, भजन-कीर्तन और मानस गान की मधुर प्रस्तुतियों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और श्रद्धालु उपस्थित होकर इस पावन आयोजन के साक्षी बने। पूरे गांव में भक्ति और आस्था का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने कहा कि भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति में मर्यादा, सत्य, कर्तव्य और आदर्श जीवन के प्रतीक हैं। उनके जीवन से हमें धैर्य, संयम और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक सोच, आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित रामायण सम्मेलन हमारी प्राचीन संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इससे युवाओं को भी अपने धर्म और संस्कारों को समझने का अवसर मिलता है।

■ रामभक्ति में सराबोर हुआ ग्राम पतोरा और सिलघाट का वातावरण

कार्यक्रम के दौरान आयोजकों एवं ग्रामवासियों ने योगेश तिवारी का स्वागत किया। इस अवसर पर सरपंच वीरेन्द्र साहू, सूरज साहू, अरविंद ठाकुर, लोकराम साहू, दानेस्वर साहू, जागेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## किसानों की आय बढ़ाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

### कलेक्टर ने कृषि एवं संवर्गीय विभागों की ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर ने कृषि एवं संवर्गीय विभागों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कृषि, उद्यानिकी, पशुधन विकास और मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की वर्तमान स्थिति, लक्ष्य की प्राप्ति तथा किसानों को मिल रहे लाभ की जानकारी ली गई।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि कृषि आधारित आजीविका को मजबूत बनाने के लिए विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत बीज, फसल विविधीकरण तथा बागवानी को बढ़ावा देने के लिए निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि यंत्रीकरण, उन्नत बीज वितरण और कृषि विस्तार गतिविधियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि किसानों को समय पर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने फल, सब्जी एवं अन्य बागवानी फसलों के रकबे में वृद्धि करने तथा किसानों को उद्यानिकी फसलों की ओर प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। वहीं पशुधन विकास विभाग की समीक्षा में पशु टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान और पशु स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली गई तथा पशुपालकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। मत्स्य पालन विभाग की समीक्षा के दौरान तालाबों में मत्स्य बीज संचयन, मत्स्य उत्पादन बढ़ाने और मत्स्य पालकों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि मत्स्य पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।



## नहर पार से सफर करने मजबूर ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सड़क अतरिया

विकास के दावों के बीच एक सच्चाई यह भी है कि अब भी कुछ गांव ऐसे हैं, जहां सड़क जैसी सुविधा नहीं हैं।

ग्राम पंचायत खैरबना के आश्रित ग्राम गुमानपुर के ग्रामीण नहर के सहारे गांव तक पहुंचने मजबूर हैं। यहां के ग्रामीण लंबे समय से पक्की सड़क का सपना देख रहे है। एक हजार आबादी वाले इस गांव में पहुंचने के लिए अब तक सड़क नहीं बन पाई है। ग्रामवासी कई दफा जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों से पक्की सड़क की मांग कर चुके है पर किसी से ध्यान नहीं दिया। नहर पार का रास्ता गड्डो से भरा है। लगभग एक किलोमीटर की नहर पार पर सैकड़ों छोटे बड़े गड्डे है जो कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते है। इस रास्ते पर कई दफा घटना घट चुकी है। बरसात के दिनों यह मार्ग जानलेवा हो जाता है। गड्डो में पानी भरे रहने से वाहन चालक को गड्डे का अंदाजा नहीं रहता और हादसे का शिकार हो जाते हैं। नहर का खाई नुमा गड्डा लोगों को हमेशा परेशानी में डाला रहता है।

## अफीम की खेती के खुलासे बाद जिला पुलिस अलर्ट, जिले में सघन चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





प्रदेश के विभिन्न जिलों में बड़े पैमाने पर अफीम की अवैध खेती उजागर होने के बाद बेमेतरा जिले में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिले भर में बाड़ियों, फार्म हाउसों, फैक्ट्रियों, ईंट भट्ठों तथा किराए के मकानों में रहने वाले बाहरी लोगों की सघन जांच अभियान शुरू कर दी गई है।

■ ड्रोन कैमरे से बाड़ियों और फार्म हाउसों की निगरानी, मजदूरों-ठेकेदारों व होटलों-ढाबों

पुलिस द्वारा होटलों, ढाबों, लॉज, घुमंतु डेरों और मुसाफिरों की भी गहन चेकिंग की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर समय रहते रोक लगाई जा सके। पुलिस के अनुसार जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में स्थित बाड़ियों एवं फार्म हाउसों की विशेष निगरानी की जा रही है। यह देखा जा रहा है कि कहीं अवैध मादक पदार्थों का उत्पादन या भंडारण तो नहीं किया जा रहा है। इसके साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए लगातार

चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के तहत पुलिस द्वारा ईंट भट्ठों, फैक्ट्रियों और बाड़ियों में कार्यरत मजदूरों व ठेकेदारों की जानकारी एकत्र कर उनका सत्यापन किया जा रहा है। बाहर से आए मजदूरों तथा किराए के मकानों में रहने वाले लोगों के दस्तावेजों की जांच भी की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि सामने आने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। गौरतलब है कि इस मामले में हरिभूमि ने प्रमुखता से समाचार का प्रकाशन भी किया था।

### प्रदेश में सामने आए कई मामले

गौरतलब है कि हाल ही में प्रदेश के दुर्ग, अंबिकापुर सहित कई स्थानों पर करोड़ों रुपये की अफीम की अवैध खेती के मामले सामने आए हैं। दुर्ग जिले के ग्राम समोदा में एक फार्म हाउस में अफीम की खेती पकड़े जाने के बाद यह मामला पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया है। पुलिस ने इन मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसी घटनाक्रम के बाद बेमेतरा जिले में भी संभावित अवैध खेती को लेकर सतर्कता बढ़ाई गई है।

पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि कहीं भी संदिग्ध गतिविधि या अवैध खेती की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके और जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे।

### ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी

पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित बाड़ियों और फार्म हाउसों की सघन जांच ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी की जाए। इससे बड़े क्षेत्र में स्थित खेतों और फार्म हाउसों की निगरानी आसानी से की जा सकेगी और अवैध खेती या गतिविधियों का पता लगाने में मदद मिलेगी। पुलिस प्रशासन ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जिले में अपराध पर अंकुश लगाना तथा सुरक्षा और कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाना है। यदि कहीं भी अवैध मादक पदार्थों का उत्पादन, भंडारण या अन्य गैरकानूनी गतिविधियां पाई जाती हैं तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की छात्राओं को डीएसपी ने सिखाए सुरक्षा के गुर**

# आवासीय विद्यालय की बालिकाओं को अपराधों के प्रति सजग रहने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले में महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा अभियान के तहत लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में महिला सुरक्षा टीम द्वारा थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं को सुरक्षा, कानून और आत्मरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में डीएसपी कौशिल्या साहू एवं डीएसपी शशिकला उइके ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए उन्हें विभिन्न प्रकार के अपराधों से सतर्क रहने और विपरीत परिस्थितियों में साहस के साथ सही कदम उठाने की प्रेरणा दी। उन्होंने छात्राओं को नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी तथा बताया कि इन कानूनों के माध्यम से महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को और मजबूत बनाया गया है।

अधिकारियों ने बालिकाओं को गुड टच और बैड टच के बारे में विशेष रूप से जागरूक किया। उन्होंने सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि कौन-सा स्पर्श सुरक्षित होता है और कौन-सा असुरक्षित। छात्राओं को बताया गया कि यदि किसी भी प्रकार का स्पर्श उन्हें असहज लगे या डर महसूस हो, तो तुरंत "ना" कहें, वहां से दूर हो जाएं और माता-पिता, शिक्षक या पुलिस जैसे विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी दें।

इस दौरान छात्राओं को "नो, गो, टेल" की अवधारणा भी समझाई गई, जिसमें किसी गलत व्यवहार पर "ना कहना", वहां से तुरंत "दूर जाना" और किसी भरोसेमंद व्यक्ति को "बताने" की सलाह दी गई। साथ ही महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ होने वाले अपराध, लैंगिक शोषण से बचाव और आत्मरक्षा के सरल उपाय भी बताए गए। पुलिस टीम ने बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया। उन्होंने बताया कि आज की डिजिटल दुनिया में बच्चे सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेम और इंटरनेट का अधिक उपयोग करते हैं, जहां कई तरह के खतरे मौजूद रहते हैं। फर्जी लिंक, अंजान कॉल, ओटीपी धोखाधड़ी, गलत मैसेज, फोटो का दुरुपयोग और साइबर बुलिंग जैसी गतिविधियों से बचने के तरीके भी विस्तार से समझाए गए।

इसके अलावा नशा मुक्ति के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए अधिकारियों ने कहा कि नशा न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि आर्थिक और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। छात्राओं को नशे और अत्यधिक मोबाइल उपयोग जैसी बुरी आदतों से दूर रहने की सलाह दी गई और आत्मनियंत्रण के साथ सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

